प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 18.03.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य सरकार का बड़ा फैसला; अब ढाई एकड़ के तालाबों का भी होगा जीर्णोद्धार, जल संसाधन मंत्री ने सदन में की नई योजना की घोषणा।

2. झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य में संवैधानिक पदों पर नियुक्ति में देरी पर जतायी नाराजगी; राज्य सरकार को दी कड़ी चेतावनी।

3. राज्य में सरहुल और रामनवमी पर नहीं कटेगी बिजली; जेबीवीएनएल ने जारी की नई एसओपी, जुलूस में झांकियों की ऊंचाई के लिए तय किए कड़े नियम।

4. देशभर में बढ़ती गर्मी को लेकर एनसीडीसी ने जारी की लू से बचाव की गाइडलाइन; नागरिकों को सावधानी बरतने की सलाह।

5. बॉडी बिल्डिंग में रांची के अमित कुमार ने जीता सारक प्रो–एएम खिताब; भुवनेश्वर में लहराया झारखंड का परचम।

************************

विधानसभा के बजट सत्र का आज अंतिम दिन है। फिलहाल सदन के भीतर प्रश्नकाल शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा है। विधायक अपने–अपने क्षेत्र की समस्याओं को उठा रहे हैं और सरकार की ओर से उनका जवाब दिया जा रहा है। जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने सदन में चंदवा स्थित जगराहा डैम की बदहाली का मामला उठाया।

जवाब में जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन अंसारी ने राज्य के जलस्रोतों के संरक्षण को लेकर एक महत्वपूर्ण नीतिगत बदलाव की घोषणा की। मंत्री ने बताया कि अब तक केवल पांच एकड़ से बड़े तालाबों का ही सौंदर्गीकरण किया जाता था, लेकिन सरकार अब एक नया प्रस्ताव ला रही है। इस नई योजना के तहत अब ढाई एकड़ तक के छोटे तालाबों और जलस्रोतों का भी जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राज्यसभा से सेवानिवृत्त हो रहे 37 सदस्यों के विदाई समारोह को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने इन सेवानिवृत्त हो रहे सांसदों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि राजनीति में कोई फुलस्टॉप नहीं होता। उन्होंने जोर देकर कहा कि विदा हो रहे सदस्य समाज और सार्वजनिक जीवन में अपना योगदान जारी रखेंगे। श्री मोदी ने राज्यसभा को एक जीवंत विश्वविद्यालय और निरंतरता का प्रतीक बताया, जहां से प्राप्त अनुभव सदस्यों के भविष्य के लिए अनमोल विरासत है।

************************

झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य में लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग और मुख्य सूचना आयुक्त जैसे महत्वपूर्ण संवैधानिक पदों के खाली होने पर गहरी नाराजगी जताई है। आज मुख्य न्यायाधीश एम.एस. सोनक और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि सरकार पिछले चार वर्षों से केवल समय मांग रही है, जो स्वीकार्य नहीं है। इस मामले की अगली सुनवाई अब राज्य सरकार के जवाब के बाद होगी।

************************

धनबाद नगर निगम के नवनिर्वाचित मेयर संजीव सिंह को आज उपायुक्त आदित्य रंजन ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उनके साथ ही नगर निगम के सभी 55 वार्डों के पार्षदों ने भी शपथ ली। इसी क्रम में, चिरकुंडा नगर परिषद की अध्यक्ष सुनीता देवी को उप विकास आयुक्त सन्नी राज ने शपथ दिलाई।

************************

राज्य सरकार की ओर से उपराजधानी दुमका के विभिन्न थानों और ओपी के लिए 20 नए वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। दुमका के पुलिस लाइन मैदान में आयोजित एक कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक पीताम्बर सिंह

खेरवार ने इन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर संबंधित थानों के लिए रवाना किया। एसपी ने बताया कि ये सभी वाहन अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी से लैस हैं, जिससे पुलिस की कार्यक्षमता में इजाफा होगा।

***********************

झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने हाईकोर्ट के आदेशानुसार सरहुल और रामनवमी शोभायात्रा के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एसओपी जारी की है। इसके तहत सुरक्षा की दृष्टि से शोभायात्रा में झंडे, डीजे और झांकियों की ऊंचाई 4 मीटर यानी लगभग 13 फीट से अधिक नहीं होनी चाहिए।

***********************

अंतर्राष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया अपने गिरिडीह के दो दिवसीय प्रवास के दौरान उन्होंने एक महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि देश भर में एक लाख स्थानों पर मंगलवार और शनिवार को हनुमान चालीसा का पाठ आयोजित किया जाएगा।

***********************

वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. महेंद्र झा को उनकी चर्चित मैथिली संस्मरण कृति 'धात्री पात सन गाम' के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। मूल रूप से बिहार के सुपौल निवासी और रांची में सक्रिय डॉ. झा की यह कृति ग्रामीण जीवन, परंपराओं और कोसी क्षेत्र के संघर्षों का जीवंत चित्रण करती है।

***********************

आज सुबह के कारोबार में घरेलू शेयर बाजार के प्रमुख सूचकांक लगभग एक प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, सेंसेक्स सात सौ बहत्तर अंक बढ़कर छिहत्तर हजार आठ सौ तैंतालीस पर और निफ्टी दो सौ उनतीस अंक बढ़कर तेईस हजार आठ सौ नौ पर पहुंच गया है।

***********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 45 हजार 6 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 68 हजार रूपये प्रति किलो है।

***********************

राज्य के कई जिलों और देशभर में बढ़ रहे तापमान और भीषण गर्मी के मद्देनजर राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र यानी एन.सी.डी.सी. ने नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण परामर्श जारी किया है। एन.सी.डी.सी. ने सलाह दी है कि तेज धूप और लू से बचने के लिए लोग पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं और दोपहर के समय भारी शारीरिक श्रम वाले काम करने से बचें।

***********************

खेल जगत से झारखंड के लिए एक गौरवान्वित करने वाली खबर है। राजधानी रांची के उभरते हुए बॉडी बिल्डर अमित कुमार ने ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित प्रतिष्ठित सारक प्रो–एएम बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप में प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया है।

**********************